**महत्त्वपूर्ण समीक्षात्मक**

**पत्रांक– एस0एस0– संग्रह समीक्षा/2020–21/ २०१ /वाणिज्य कर**

कार्यालयःकमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0।
(संख्या अनुभाग)
लखनऊःदिनांकः २० अगस्त, 2020

**समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,**
**वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

विभागीय वैट एमआईएस पोर्टल पर उपलब्ध खण्डवार जीएसटी कलैक्शन के विवरण की समीक्षा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि गत वर्ष माह जुलाई में अधिक कर देने वाले अनेक खण्ड कार्यालयों में वर्तमान वित्तीय वर्ष में कम कर प्राप्त हुआ है। जुलाई 20 के राजस्व में राज्य औसत कमी --15 प्रतिशत है।

2– माह जुलाई, 20 में प्राप्त संग्रह के आधार पर रू0 10 करोड़ से अधिक मासिक लक्ष्य के खण्डों में 25 प्रतिशत से अधिक की कमी के 50 खण्ड/कॉरपोरेट कार्यालय की सूची आपके एन0आई0सी0 ई–मेल आईडी पर परीक्षण हेतु प्रेषित कर दी गयी है तथा 50 प्रतिशत से अधिक कमी के 10 खण्ड कार्यालय छायांकित किए गए है।

**निर्देशित किया जाता है कि कृपया** इन कार्यालयों में वर्तमान वित्तीय वर्ष के जुलाई माह में प्राप्त कर की डीलर वार समीक्षा करा ली जाए। एमआईएस में खण्ड के राजस्व संग्रह से सीधे क्लिक पर डीलरवार विवरण तक जाने का ऑप्सन उपलब्ध है। डीलर्स के द्वारा रिटर्न दाखिल न किये जाने या शून्य का रिटर्न दाखिल किये जाने का परीक्षण अवश्य किया जाए, आवश्यकतानुसार कर निर्धारण अधिकारी द्वारा संबंधित डीलर से वार्ता कर ली जाए और तदनुसार विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए अधिकाधिक राजस्व संग्रह प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाए।

(अमृता सोनी)
**कमिश्नर,वाणिज्य कर,**
**उत्तर प्रदेश।**